# जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर

क्रमांकःजीविवि/परीक्षा–2/गोप0/2012/1927 दिनांक :22.10.2012

## // अधिसूचना //

एतद् द्वारा अधिसूचित किया जाता है कि मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार सत्र 2012–13 में स्नातक एवं स्नातकोत्तर प्रथम वर्ष के स्वाध्यायी(PRIVATE) परीक्षार्थियों की परीक्षायें सेमेस्टर पद्धति(SEMESTER SYSTEM) की परीक्षाओं के साथ ही वर्ष(YEAR) में दो बार आयोजित की जाएँगी।

स्वाध्यायी(PRIVATE) परीक्षार्थियों के लिये परीक्षा पाठ्यक्रम स्नातक/स्नातकोत्तर स्तर पर वर्तमान सेमेस्टर पद्धति(SEMESTER SYSTEM) के प्रचलित पाठ्यक्रम के अनुसार ही रहेगें स्नातक स्तर पर (एकल प्रश्न–पत्र प्रणाली के अनुसार) परीक्षाऐं सम्पादित की जावेगी तथा स्नातकोत्तर स्तर पर वर्तमान स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर के लिये निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुसार परीक्षायें सम्पादित करायी जावेगीं।

स्नातक/स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर के नियमित एवं असंस्थागत (PRIVATE) दोनो परीक्षार्थियों के लिए एक ही प्रश्न–पत्र होगा। लेकिन स्वाध्यायी(PRIVATE) परीक्षार्थियों के लिये कोई आन्तरिक मूल्यांकन नहीं होगा, उनके सेद्धांतिक प्रश्नपत्रों का पूर्णाक 100 अकों का होगा तथा नियमित छात्रों के लिये सेद्धांतिक प्रश्न–पत्रों का पूर्णाक 85 अंक का होगा। और उनके आन्तरिक मूल्यांकन के अंक 15 रहेंगें। तथा स्वाध्यायी(PRIVATE) परीक्षार्थियों के लिये कोई आन्तरिक मूल्यांकन नहीं होगा,

स्नातक स्तर पर स्वाध्यायी(PRIVATE) परीक्षार्थियों को विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित प्रत्येक संकाय के विषय समूहो में से प्रश्न–पत्रों का नियमित परीक्षार्थियों की तरह चयन करना होगा।

स्वाध्यायी(PRIVATE) स्नातक प्रथम वर्ष के अनुत्तीर्ण छात्र प्रथम सेमेस्टर के परीक्षार्थियों के साथ परीक्षा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर परीक्षा में सम्मिलित होगें। इसी प्रकार स्वाध्यायी(PRIVATE) स्नातकोत्तर प्रथम वर्ष के अनुत्तीर्ण छात्र प्रथम सेमेस्टर के परीक्षार्थियों के साथ परीक्षा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर परीक्षा में सम्मिलित होगें।

सर्व सम्बंधित के सूचनार्थ छात्र हित में प्रसारित।

कुलसचिव

प्रतिलिपि :–

निम्नलिखित की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

1. संपादक महोदय ......................................... ग्वालियर की ओर भेजकर निवेदन है कि परीक्षाओं का परीक्षा कार्यक्रम अपने लोकप्रिय समाचार पत्र में समाचारवृत्त के रूप में छात्र हित में दृष्टिगत रखते हुये प्रकाशित करने का कष्ट करें।
2. अतिरिक्त संचालक, ग्वालियर–चम्बल संभाग, मोतीमहल, ग्वालियर
3. उप–कुलसचिव/सहायक कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय), जीवाजी वि.वि., ग्वालियर
4. अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
5. कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
6. कुलसचिव के गोपनीय/निजी सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
7. इंचार्ज, पूछताछ कक्ष, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
8. सूचना पटल पर चस्पा किये जाने बावत्।

उप–कुलसचिव(गोपनीय/परीक्षा)